**Nai Dunia (Indore), 14th February 2021, Page-7**

# आइआइटी सेना के लिए स्वदेशी तकनीकों पर करेगा काम

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन और मिलिट्री कालेज आफ टेलिकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीइ) महू के कमांडेट लेफ्टिनेंट जनरल एम उन्नीकृष्णन नायर के बीच शनिवार को बैठक हुई।

बैठक के दौरान दोनों प्रमुखों ने सेना और आइआइटी में मौजूद विश्वस्तर की सुविधाओं और विशेषताओं के साथ मिलकर काम करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर बात की। चर्चा के दौरान आइआइटी इंदौर के डीन और रजिस्ट्रार भी मौजूद थे। प्रो. जैन ने शैक्षणिक और अनुसंधान के हित को बढ़ाने के लिए सेना के अधिकारियों और जवानों को उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने कमांडेट को रक्षा से संबंधित संस्थान में चल रहे शोध कार्यों के बारे में भी बताया।

प्रो. जैन ने कहा कि आइआइटी सेना में आने वाली समस्याओं पर संयुक्त रूप से काम करना जारी रखेगा और स्वदेशी और नवीन तरीकों से तकनीकी समाधान की तलाश करेगा। कमांडेट ने संस्थान के संकायों को एमसीटीइ को जानने और संयुक्त रूप से उनकी समस्याओं का समाधान खोजने पर काम करने के लिए आमंत्रित किया।